हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, सोमवार, 21 अप्रैल 2025

## नागपुर मनपा के शताब्दी वर्ष का लोगो मुख्यमंत्री फडणवीस ने किया लॉन्च



**नागपुर.**

नागपुर महानगरपालिका के शताब्दी वर्ष के लिये बनाए गए लोगो का अनावरण रविवार (20) को मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस द्वारा किया गया। इसका आयोजन हैदराबाद हाउस में किया गया था। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी, पुलिस आयुक्त रवीन्द्र सिंगल, नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी, महामेट्रो के प्रबंध निदेशक श्रवण हार्डिकर, नागपुर सुधार ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय मीना, जिला कलेक्टर डॉ. विपिन इटनकर, नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमेश धूमल और प्रतीक चिन्ह के डिजाइनर विवेक रानाडे उपस्थित थे।

जो ' पूरे जन हिताय ' के आदर्श वाक्य के साथ नागपुर शहर के नागरिकों की सेवा में दिन-रात काम करते है. नागपुर नगर निगम की स्थापना 2 मार्च 1951 को हुई थी । उस समय सरकार ने देसाई को नियुक्त किया गया। उनके मार्गदर्शन में जून 1952 में नगरपालिका चुनाव हुए और बैरिस्टर शेषराव वानखेड़े पहले महापौर चुने गए।

महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस दो बार नागपुर शहर के मेयर भी रह चुके हैं। इसके अलावा, मौजूदा विधायक कृष्णा खोपड़े , प्रवीण दटके , विकास ठाकरे , संदीप जोशी ने नागपुर नगर निगम के महापौर और उप महापौर के रूप में भी कार्य किया है । नागपुर महानगरपालिका के इतिहास में अब तक 54 महापौर , 56 उप महापौर और 50 आयुक्त हुए हैं । नागपुर को महाराष्ट्र में उपराजधानी का दर्जा प्राप्त है और नागपुर के लिए यह एक विशेष राजधानी है।

पहले सीएनसी यह अधिनियम 1948 में लागू हुआ । अब राज्य सरकार के आदेश से पूरे प्रदेश में एक ही कानून लागू हो गया है। एस. सहारिया और मनु कुमार श्रीवास्तव जो नागपुर नगर निगम में आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं उन्हें राज्य के मुख्य सचिव के रूप में सेवा करने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, अन्य आयुक्त के रूप में कार्य कर चुके अधिकारी भी राज्य सरकार में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं।

# नगर निगम मुख्यालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक

### > शहर के विकास कार्यों पर हुई विस्तृत चर्चा





**नागपुर.**

नागपुर शहर के विभिन्न विकास कार्यों के लिए केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी और नागपुर जिले के संरक्षक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बैठक की समीक्षा की और निर्देश दिया कि इन विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए।

नितिन गडकरी और पालकमंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले ने शनिवार (19) को नगर निगम मुख्यालय स्थित बैठक कक्ष में नागपुर शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। विधायक कृष्णा खोपड़े, विधायक प्रवीण दटके, विधायक डॉ. संदीप जोशी, नगर आयुक्त एवं प्रशासक अभिजीत चौधरी, कलेक्टर डॉ.विपिन इटनकर, नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय मीना, महाराष्ट्र राज्य अवसंरचना विकास निगम के महानिदेशक ब्रिजेश दीक्षित, पूर्व विधायक सुधाकर देशमुख, पूर्व विधायक सुधाकर कोहले, पूर्व विधायक डॉ. मिलिंद माने, पूर्व विधायक विकास कुंभारे, पूर्व महापौर दयाशंकर तिवारी, नगर निगम के मुख्य अभियंता लीना उपाध्याय सहित नगर निगम, नागपुर सुधार प्रन्यास, जिला कलेक्टर कार्यालय और अन्य महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में नागपुर शहर में प्रस्तावित व्यावसायिक परिसर के निर्माण की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। इसमें कॉटन मार्केट, संतरा मार्केट, नेताजी मार्केट, एस.टी. स्टैंड, डीक दवाखाना, सक्करदरा मार्केट, शनिवार मार्केट और दही बाजार में प्रस्तावित ट्रेड कॉम्प्लेक्स निर्माण की समीक्षा की गई। इस अवसर पर इस व्यावसायिक परिसर के प्रस्तावित विकास कार्यों का पीपीटी के आधार पर प्रस्तुतीकरण किया गया।

शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्रसंस्करण के संबंध में कम्पनियों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। शहर के शुक्रवारी तालाब , लेंडी तालाब और नाइक तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य पर चर्चा की गई और कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान नागपुर शहर में जोनवार जलापूर्ति की मांग पर चर्चा की गई। साथ ही महल क्षेत्र में कल्याणेश्वर मंदिर के संबंध में प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इस समय नागपुर जिले में स्मार्ट ग्राम परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर शहर में यशवंत स्टेडियम और सोख्ता भवन के विकास की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। उत्तर नागपुर के बाभुलपेठ में विज्ञान केंद्र की स्थापना के संबंध में चर्चा की गई।

इस दौरान नागपुर शहर में फेज-5 के सीमेंट रोड निर्माण के लिए निधि उपलब्ध कराने के लिए सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इसी प्रकार, शहर के अग्निशमन विभाग की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा की गई, जिसमें पदों का सृजन और नए वाहनों का अधिग्रहण शामिल था। इस दौरान पिछले वर्ष भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए राज्य सरकार से प्राप्त धनराशि के उपयोग एवं कार्यों की समीक्षा की गई। टीबी वार्ड के बगल में स्थित केंद्र सरकार के क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण केंद्र (सीआरसी) पर लगाए गए संपत्ति कर और सेवा शुल्क को माफ करने पर चर्चा की गई।

बैठक में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने निर्देश दिये कि मानसून आने से पहले कॉलोनियों में नालों की सफाई, बरसाती नालों की सफाई, रेलिंग की सफाई, सड़कों के किनारे पेड़ों की टहनियों को काटने का काम पूरा कर लिया जाना चाहिए। नागपुर सुधार प्रन्यास द्वारा नंदनवन, कलमना और त्रिमूर्ति नगर में निर्मित आवास परियोजनाओं की समीक्षा की गई। नासुप्र के अंतर्गत शहर के विभिन्न लेआउटों में आर.एल. लंबित लगभग 1 लाख भूखंडों के नियमितीकरण पर चर्चा की गई। इस दौरान निर्देश दिये गए कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि इस नियमितीकरण के दौरान प्लाट धारकों को कोई असुविधा न हो।

# दिनदहाड़े प्रापर्टी डीलर की हत्या से सनसनी

### > कपिलनगर के म्हाडा कॉलोनी चौक पर 4 हमलावरों ने दिया वारदात को अंजाम

**नागपुर.**

शहर में अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार शाम कपिलनगर क्षेत्र में दिनदहाड़े एक प्रापर्टी डीलर की बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह वारदात म्हाडा कॉलोनी चौक पर हुई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान गुरुतेग बहादुर नगर निवासी अंकुश रामा कडू (54) के रूप में हुई है, जो प्रापर्टी डीलिंग का व्यवसाय करते थे। घटना के समय वे अपने दोपहिया वाहन से घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक युवक ने रास्ता रोककर अंकुश पर हमला किया, और तभी घात लगाए तीन अन्य युवक भी वहां पहुंच गए। चारों ने मिलकर धारदार हथियारों से उन पर ताबड़तोड़ वार किये। एक चाकू अंकुश के पेट में ही अटक गया।



आरोपी हमले के बाद दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गये। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। कपिलनगर पुलिस मौके पर पहुंची और अंकुश को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अंकुश का कुछ लोगों से जमीन के सौदे को लेकर विवाद चल रहा था। हाल ही में उन्होंने करोड़ों की एक कृषि भूमि बेची थी, जिससे जुड़ी लेन-देन की रंजिश की आशंका जताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में चारों हमलावर दिखाई दे रहे हैं, लेकिन फिलहाल उनकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस को सुपारी किलिंग का भी संदेह है। कपिलनगर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें मामले की जांच में जुटी हैं। गौरतलब है कि जुलाई 2021 में अंकुश ने धोखाधड़ी की एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें एक व्यक्ति पर उनके भतीजे को नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये ठगने का आरोप था। शहर में इस वर्ष अब तक 32 हत्याएं हो चुकी हैं, जो कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही हैं।

# ऑटो से उतरते ही मासूम को रौंद गया ट्रक

### > मां के सामने घटी हृदयविदारक घटना

**नागपुर.**

हिंगणा मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने हर किसी का दिल दहला दिया। मां के सामने ही उसके 7 वर्षीय बेटे को एक बेकाबू ट्रक ने रौंद डाला। मासूम की घटनास्थल से कुछ दूरी तक घसीटते हुए मौत हो गई। यह हादसा हिंगणा नाका स्थित देशमुख ट्रेडिंग कंपनी के सामने करीब 4 बजे के आसपास हुआ। मृतक का नाम आहान सूरज नायक (उम्र 7 वर्ष) है, जो श्रमिक नगर (हरिगंगा), एमआईडीसी का निवासी था। उसकी मां तुलसी सूरज नायक अपनी बेटी स्नेहा (उम्र 9 वर्ष) और बेटे आहान को रामदासपेठ स्थित ट्यूशन से ऑटो में घर ला रही थीं। जैसे ही वे हिंगणा नाका टी-पॉइंट पर ऑटो से उतरीं और चालक को पैसे दे रही थीं, उसी समय नागपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक (क्रमांक एम एच 40/ सी आर/5100) ने आहान को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि आहान ट्रक के अगले चक्के के नीचे आ गया और देशमुख ट्रेडिंग कंपनी से लेकर शांतनु ट्रेडिंग के बीच तक घसीटता चला गया। इस दुर्घटना में आहान गंभीर रूप से घायल हुआ और उसकी मां तुलसी को भी पैर में चोट आई। स्थानीय लोगों की मदद से आहान को लता मंगेशकर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया, लेकिन नागरिकों की सतर्कता और दी गई जानकारी के आधार पर कुछ दूरी पर ट्रक को जब्त कर लिया गया। एमआईडीसी थाना प्रभारी महेश चौहान, पुलिस निरीक्षक संजय बनसोडे व उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू की।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हिंगणा मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही आम बात हो गई है, और कई बार स्पीड ब्रेकर की मांग की गई है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के चलते हादसों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

# चाय के बहाने दुकानदार पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

यशोधरा नगर क्षेत्र में एक चाय विक्रेता पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना 17 अप्रैल 2025 की रात करीब 8 बजे के आसपास घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वांजरा लेआउट, वनदेवी नगर, यशोधरा नगर निवासी निसार खान अब्दुल कहन खान (51) संतोष नगर चौक स्थित अपने चाय के ठेले पर काम कर रहे थे। तभी आरोपी सय्यद ईरशाद उर्फ गुड्डु सय्यद अजीज (26) वनदेवी नगर निवासी अपने दो साथियों के साथ दुकान पर आया और दुकानदार से झगड़ा शुरू किया।

आरोपी ने पहले पीड़ित से उसके बेटे के बारे में पूछा और फिर बदतमीजी करते हुए कहा, "हम आपके दुकान में आये तो, चाय तुरंत देना और पैसे नहीं मांगना चाहिए।" इस बात को लेकर हुए वादविवाद के दौरान आरोपी ने पीड़ित की जांघ और हाथ पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल पीड़ित का फिलहाल मेयो अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की शिकायत पर यशोधरानगर पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 352, 351(2), 3(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी सय्यद ईरशाद उर्फ गुड्डु को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि उसके दो अन्य साथियों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का पीड़ित के बेटे से पूर्व विवाद था, जिससे चलते ही यह हमला किया गया। आगे की जांच जारी है।



# प्रतापनगर में चोरी की बड़ी वारदात, ऑफिस से 6 लाख रुपये चोरी

**नागपुर.**

प्रतापनगर थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। रचना मेघस्पर्श अपार्टमेंट, भेडे ले-आउट, खामला जयताला रोड निवासी दिपांक सुधाकर जोशी (उम्र 51 वर्ष), जिनका इलेक्ट्रिक सामान का व्यवसाय है, उन्होंने प्रतापनगर क्षेत्र के पठान ले-आउट, परसोडी स्थित प्लॉट नंबर 31 में ऑफिस है। घटना 17 अप्रैल 2025 की रात 8:15 बजे से लेकर 18 अप्रैल की सुबह 9:35 बजे के बीच की है। इस दौरान जब दिपांक जोशी अपना ऑफिस बंद कर घर गए हुए थे, तब किसी अज्ञात चोर ने ऑफिस का मुख्य दरवाज़ा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और ऑफिस में रखे करीब 6 लाख रुपये नकद चुरा लिए। फरियादी की शिकायत के आधार पर प्रतापनगर पुलिस थाना में सहायक पुलिस निरीक्षक चरडे द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है.



# तेज़ रफ़्तार बाइक की टक्कर से युवक की मौत

### > अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.**

बेलतरोडी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए गए दोपहिया वाहन की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, रामदासपेठ निवासी नयन मुलचंद राठी (31) अपने भाई कृष्णा के साथ एक्टिवा (क्रमांक एम एच 40 सीएस 4020) से चिचभवन से नागपुर लौट रहे थे। जैसे ही वे सर्विस रोड से पुल के पास पहुंचे, एक अज्ञात दोपहिया वाहन चालक ने तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर के कारण नयन और उसका भाई सड़क पर गिर गए।




हादसे में नयन गंभीर रूप से घायल हुआ, जबकि उसके भाई को हल्की चोटें आईं। दोनों को तुरंत सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 17 अप्रैल को सुबह 11:50 बजे डॉक्टरों ने नयन को मृत घोषित कर दिया। कृष्णा का इलाज अभी जारी है।

इस संबंध में मृतक के मित्र अंकुश रेवाशंकर शाहु ( 32 वर्ष) बापू नगर निवासी की शिकायत पर बेलतरोडी पुलिस थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी हुई है और आगे की जांच जारी है।

# मुख्यमंत्री ने किया पिंक ई-रिक्शा में सफर

### > महिला सशक्तिकरण को बताया सराहनीय पहल

**नागपुर.**

महाराष्ट्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई फैसले लिए हैं और इसका प्रभावी क्रियान्वयन जारी है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने रविवार को कहा कि, "महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिलाओं के लिए संचालित पिंक ई-रिक्शा योजना के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने लाभार्थी महिला के गुलाबी ई-रिक्शा में यात्रा कर महिलाओं को रचनात्मक आत्मविश्वास भी दिया।




रविवार को योजना भवन में राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस द्वारा पिंक ई-रिक्शा योजना के तहत नागपुर जिले की 50 पात्र महिला लाभार्थियों को पिंक ई-रिक्शा वितरित किये गए, इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे, राज्य मंत्री मेघना बोर्डीकर, विधायक संदीप जोशी, अनुप कुमार यादव, महिला एवं बाल विकास आयुक्त नयना गुंडे, कलेक्टर डॉ.विपिन इटनकर, महामेट्रो के प्रबंध निदेशक श्रवण हार्डिकर और अन्य उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा, "राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से यह कार्य प्रभावी ढंग से चल रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महत्वाकांक्षी योजना पिंक ई-रिक्शा के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। साथ ही, इस योजना ने कामकाजी महिलाओं को इन ऑटो रिक्शा में बैठकर सुरक्षित यात्रा की गारंटी भी दी है। नागपुर जिले में 50 पात्र लाभार्थी महिलाओं को ई-रिक्शा वितरित किए गए हैं और इस योजना के तहत जिले की 2 हजार महिलाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा।

नागपुर शहर के विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों को फीडर सेवाएं प्रदान करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग और महामेट्रो के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए हैं। इससे गुलाबी ई-रिक्शा धारकों को उचित रोजगार मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के पर्यटन विभाग समेत अन्य विभागों के साथ भी ऐसे समझौते कर इन महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएगे।

# रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों की खैर नहीं

### जीआरपी की कार्रवाई, 11 अपराधियों पर कसा शिकंजा




**नागपुर.** रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लोहमार्ग पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। डॉ. प्रियंका नारनवरे, पुलिस अधीक्षक, जीआरपी नागपुर के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत कुल 11 नामजद अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 151, 107 और 110 के तहत इन असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा गया है और इन्हें स्टेशन परिसर से दूर रहने का आदेश दिया गया है। जीआरपी की इस कार्रवाई का उद्देश्य रेलवे यात्रियों को एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करना है। डॉ. नारनवरे ने साफ कहा है कि रेलवे परिसर में किसी भी तरह की गुंडागर्दी, अव्यवस्था या आपराधिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भविष्य में अगर किसी पर भी आपराधिक गतिविधियों की आशंका पाई जाती है, तो उस पर भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। यह अभियान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# शहर में दोपहर 1 से 4 बजे तक 33 ट्रैफिक सिग्नलों पर 'रेड ब्लिंकर मोड'

### नागरिकों को मिलेगी राहत

**नागपुर.**

शहर में इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा है, जिससे लू लगने की संभावना बढ़ गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए नागपुर शहर ट्रैफिक पुलिस विभाग ने नागरिकों को राहत देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। शहर के उन प्रमुख चौराहों पर, जहाँ दोपहर के समय ट्रैफिक का दबाव कम रहता है, वहां के सिग्नल दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक 'रेड ब्लिंकर मोड' पर रखे जाएंगे। इस मोड में ट्रैफिक सिग्नल लाल बत्ती की तरह लगातार ब्लिंक करेगा, जिससे वाहन चालक 'रुकें, देखें और फिर आगे बढ़ें' के नियम का पालन करते हुए आगे बढ़ सकेंगे। इस निर्णय से वाहन चालकों को बार-बार बेवजह सिग्नल पर रुकने से बचत होगी, जिससे समय और ईंधन की बचत तो होगी ही, साथ ही गर्मी से भी कुछ राहत मिलेगी। इन चौराहों से गुजरते समय अधिकतम गति सीमा 20 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें।

रेड ब्लिंकर मोड पर रखे जाने वाले 33 प्रमुख चौराहों की सूची

लेडीज क्लब चौक, जी.पी.ओ चौक, श्रीमोहिनी कॉम्प्लेक्स चौक, पोलीस तलाव टी पॉइंट, व्ही.सी.ए चौक, मोह. रफी चौक, कन्नमवार चौक, हिस्लॉप कॉलेज चौक, राजा रानी चौक, धरमपेठ वाय पॉइंट, आग्याराम देवी चौक, आंबेडकर चौक, कमाल चौक, अजित बेकरी चौक, विवेकानंदनगर चौक, अहिंसा चौक, टेलीफोन एक्सचेंज चौक, डी.पी. रोड टी पॉइंट, टी.बी. वार्ड चौक, पुरुषोत्तम बाजार चौक, निरी टी पॉइंट, माता कचेरी चौक, जायताला बाजार चौक, खामला चौक, भेंडे ले आउट चौक, देवनगर चौक, आवारी चौक, गुरूदेव नगर चौक, सक्करदरा चौक, संघर्ष नगर चौक, कडबी चौक, 10 नंबर पुलिया, इंदोरा चौक।



CMYK

# कोलितमारा आदिवासी बहुल क्षेत्र में छात्रों के लिए हो 11वीं 12वीं कक्षा का नियोजन

## आदिवासी छात्रों के लिए जल्द होगी बारहवीं कक्षा की व्यवस्था: आदिवासी विभाग मंत्री

## कैबिनेट मंत्री अशोक उईके (आदिवासी विभाग) को दिया ज्ञापन





भुतपूर्व उपसरपंच, विठ्ठल पाटील

**पारशिवनी.**

महाराष्ट्र सरकार मैं कॅबीनेट मंत्री अशोक उईके ( आदिवासी विभाग) शुक्रवार (दि.18) को कुंवारा भिवसेन यात्रा के दरम्यान पारशिवनी तहसिल के कुवारा भिवसेन तीर्थस्थल पर दर्शन करने आए थे।। कोलीतमारा आदिवासी बहुल इलाकों से बड़ी संख्या मै आदिवासियों ने एकत्रित होकर महाराष्ट्र सरकार मैं कॅबीनेट मंत्री अशोक उईके (आदिवासी विभाग)सै मुलाकात कर आदिवाशी क्षेत्र में 11 वी १२ वी कक्षा कि सुविधा की मांग प्रेम भोंडेकर भुत पूर्व सरपंच विठ्ठल पाटील भुत पूर्व उप सरपंच, भगवान गद्रे,सुरेश बगमारे,चंदु भलावी, द्वारा ज्ञापन देकर की गई।

पारशिवनी तहसिल सिमा के कोलीतमारा क्षेत्र आदिवासी बहुल इलाका होने के साथ बड़ी संख्या मै आदिवासी समाज इस इलाकों में छोटे बड़े गांव कस्बों मैं बरसों सै गुजर बसर कर रहे हैं। जहां आदिवासीयों के बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा कक्षा 1 सै 4 तक की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई।लेकीन इस इलाके मैं उच्च शिक्षा की व्यवस्था नहीं होने सै यहां के छात्र बिच मैं ही स्कूल जाना बंद कर देते हैं। जब की स्थानिक स्तर पर कक्षा १० से १२ कि स्कूल नहीं होने से यहां के छात्रों को दुर दर्राज शहरी तथा तहसिल क्षेत्र के स्कूल में जाकर पढ़ाई करना मुश्किल होने सै उच्च शिक्षा ग्रहण करने मैं दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

आझादी के अमूर्त काल मैं के बाद भी आज तक आदिवासी बहुल इलाकों मैं सरकार द्वारा आदिवासी समाज के बच्चों की शिक्षा क्षेत्र मैं उन्नती के लिए सरकार द्वारा प्रयास नहीं करने सै आज भी इस समाज के हजारों बच्चे उच्च शिक्षा सै वंचित दिखाई दे रहे हैं। उच्च शिक्षा की उचित व्यवस्था स्थानिक तौर पर नही होने से आज शिक्षा का अभाव इस समाज के बच्चों मैं दिखाई देता है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए यहां के बच्चों को अपना परिवार छोड़ पढ़ाई लिखाई करना संभव नहीं होने माता पिता की आर्थिक हालात नाजुक होने सै उच्च शिक्षा प्राप्त करना आदिवासी समाज के बच्चों के लिए और भी मुश्किल होता है।

आज के दौर मैं आदिवासी समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा की जरुरत होने पर भी सुविधा के अभाव के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने मैं सालों साल परेशानी झेलनी पड़ती है। गर स्थानिक तौर पर उच्च शिक्षा के संसाधनों की मांग सरकार द्वारा पुरी करने पर आदिवासीयों के बच्चों के उच्च शिक्षा का प्रावधान किया जा सकता है जो सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। इस तरह की मांग स्थानिक आदिवासियों द्वारा की गई।

आधुनिक शिक्षा प्रणाली का उपयोग कर देश आगे बड़ रहा है। मगर आज भी आदिवासी समाज के बच्चों के लिए सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के स्थानिक तौर पर उचित व्यवस्था नहीं होने से आदिवासीयों के बच्चों को उच्च शिक्षा से बेदखल होना पड़ रहा है। इसलिए आने वाले दिनों में आदिवासी समाज के बच्चों के लिए स्थानीय स्तर पर हि उच्च शिक्षा का प्रावधान सरकार द्वारा करना जरुरी है।

# होमगार्ड सैनिक को सेवानिवृत्ति कार्यक्रम पर दी बधाई

**कामठी.**



परिमंडल क्रं 5 के होमगार्ड सैनिक प्रमोद रंगारी का पुष्पगुच्छ, शाल तथा श्रीफल देकर सत्कार कर बिदाई दी गई। सर्व प्रथम परिमंडल 5 के समादेशक अधिकारी प्रदिप नागपुरे के उपस्थिती मे रविवार की परेड ली गई। तत्पश्चात परेड संचालन कर कार्यक्रम की शुरुवात कर सेवानिवृत्त प्रमोद रंगारी का पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल देकर सत्कार किया गया। सत्कार कार्यक्रम मे सेवानिवृत्त सैनिक को भविष्य मे उसे परिवार के साथ दीर्घायु और उज्वल भविष्य की मंगलमय कामनाओ की शुभेच्छा प्रदान किये गए।अतिथियो मे सेवानिवृत्त पलटननायक विनोद चव्हाण, परिमंडल क्रं 5 समादेशक अधिकारी प्रदिप नागपुरे, वरिष्ठ अधिकारी रियाज अंसारी तथा नागपुर- शहर कार्यालय शिपाई राहुल येनुरकर आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यक्रम मे अतिथियो ने अपने- अपने विचार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त होमगार्ड सैनिक को भविष्य कि उज्वल भविष्य की मंगलमय कामना किए।

कार्यक्रम के सफलतार्थ शुभम सोनी, प्रकाश हटवार, हरिश वासनिक, विशाल नारदलेवार, प्रमोद पाटील, मनिष यादव, राजेन्द्र संमरीत, वैभव वाघमारे, अमित यादव, राजेश गजभिये, अमर पिल्लेवार तथा महिला सैनिक निशा गणेर, निशा डोंगरे, प्रभा डोंगरे, लता शंभरकर, सुरेखा गनविर, विज्येता गजभिये, अश्विनी राऊत, दुर्गा जगने ने अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम का संचालन सुबोध चांदोरकर तथा आभार प्रदर्शन योगेश शामकुवर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम दौरान ओमनगर 99 पुरुष व महिला होमगार्ड सैनिक कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

# अब्दुल सत्तार ले-आउट में आमना टाउन भाजपा की ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**कामठी.**



भीलगांव ग्राम पंचायत अंतर्गत अब्दुल सत्तार लेआउट व आमना टाउन, अमीना बाद में गर्मी के मौसम में कम वोल्टेज के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कम वोल्टेज के कारण विद्युत समस्या से त्रस्त अब्दुल सत्तार लेआउट रहवासियों ने ग्राम पंचायत सरपंच भावना चंद्रकांत फलके से शिकायत कर समाधानकारक हल निकालने की मांग की थी। जिसपर पिछले एक वर्ष पूर्व भीलगांव ग्राम पंचायत में एक प्रस्ताव पारित कर विद्युत विभाग अधिकारियो से वोल्टेज बढ़ाने के लिए नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की थी। परंतु आज तक इस विषय पर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया है। जिस पर भाजपा अल्पसंख्यक सेल ज़िला अध्यक्ष मोहसिन पटेल एवं कामठी तालुका अध्यक्ष अफ़सर खान ने बताया कि विद्युत सप्लाई के दौरान बहुत कम वोल्टेज में विद्युत आपूर्ति हो रही है। जिससे ट्यूबलाइट भी नहीं जलाई जा सकती। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल पहले ग्राम पंचायत से पास करवाकर विद्युत विभाग में फाइल जमा करवाई थी मगर तो विद्युत विभाग अभियंता जवाब दे रहे है और ही ट्रांसफार्मर लगाया गया। उन्होंने संबंधित उच्चाधिकारियों से ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

# सतरापुर बुद्ध विहार से निकली आंबेडकर जयंती पर रैली



**कन्हान.**

सतरापुर बुद्ध विहार से 15 अप्रैल को डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जयंती पर एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली में लाइटिंग सजावट, डीजे बाजे के साथ विशाल रैली गांधी चौक पहुंचते ही जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया। कन्हान नगर राष्ट्रवादी कांग्रेस अजीत गुटके नागपुर जिला ग्रामीण महासचिव अशोक पाटिल, विधानसभा सचिव संगीत भारती, पत्रकार हाजी मोहम्मद शफीक शेख ने रैली का स्वागत कर रैली में आए नागरिकों तथा महिलाओं को अपने हाथों से ठंडा शरबत वितरण किया। कार्यक्रम में चंदन मेश्राम, सुरेश मेश्राम, सलीम खान, नारायण गजभिए, नरेश गजभिए, विनायक ठाकरे सहित अनेकों नागरिक प्रमुखता से उपस्थित थे।

# नितीन सहारे बने सपा विधानसभा अध्यक्ष



**कामठी.**

समाजवादी पार्टी ने महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष आबू आसिम आज़मी के आदेशानुसार कामठी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष पद पर नितीन सहारे की नियुक्ति की गई है है। सपा महिला सभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष माया चवरे व नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे के निकटस्थो मे शुमार है।

पार्टी ने निकाय चुनाव से पहले संगठन को नए सिरे से दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। इस बदलाव के साथ ही पार्टी ने अपना पहला संदेश दे दिया है। समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश प्रधान महासचिव परवेज़ सिद्दीकी ने कामठी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष पद पर को नियुक्त किया है।

नितीन सहारे इसके पहले भी सपा से जुड़े थे। कहते है पार्टी ने जिस उम्मीद के साथ दायित्व सौपा है, उसे दमखम के साथ निभाएंगे। नितीन सहारे का समर्थको ने स्वागत भी किया।

# रामधाम में आदर्श सर्वधर्मीय सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम से संपन्न

## कुल 25 जोड़ों ने लिये सात फेरे, समारोह में राज्य मंत्री आशिष जयस्वाल की उपस्थिति

**रामटेक.**



नागपुर-जबलपुर महामार्ग पर स्थित प्रसिद्ध रामधाम, मनसर में दिनांक 18 अप्रैल को चंद्रपाल चौकसे लोकसेवा प्रतिष्ठान रामधाम, मनसर, आधार बहुउद्देशीय संस्था, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग तथा एकात्मिक आदिवासी विकास प्रकल्प (महाराष्ट्र शासन) के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श सर्वधर्मीय सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कुल 25 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। समारोह में राज्य मंत्री आशिष जयस्वाल, पूर्व विधायक मल्लिकार्जुन रेड्डी, पर्यटक मित्र चंद्रपाल चौकसे, सौ. संध्या चौकसे, पूर्व जिला परिषद सदस्य सतीश डोंगरे सहित कई राजनीतिक व सामाजिक हस्तियां उपस्थित रहीं। अब तक 1339 से अधिक जोड़ों का हो चुका है विवाह:

रामधाम में आयोजित अब तक के सामूहिक विवाह समारोहों में कुल 1339 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध चुके हैं। इस वर्ष के 25 नए जोड़े इस संख्या में जुड़ गए हैं। उल्लेखनीय है कि चंद्रपाल चौकसे ऐसे हजारों जोड़ों के विवाह निःशुल्क करवा चुके हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। वे अपनी आय का 10% हिस्सा सामाजिक कार्यों में खर्च करते हैं। 18 अप्रैल की सुबह साढ़े दस बजे मनसर के जिला परिषद स्कूल से नवविवाहित जोड़ों की बारात बैंड और डीजे के साथ भव्य रूप से निकाली गई, जो मनसर गांव का भ्रमण कर रामधाम पहुँची। वहां चंद्रपाल चौकसे, उनकी पत्नी संध्या चौकसे और पुत्र गौरव चौकसे द्वारा सभी जोड़ों का स्वागत किया गया। इसके बाद परंपरागत रूप से विवाह की विधियां संपन्न की गईं। स्टेज पर राज्य मंत्री आशिष जयस्वाल की उपस्थिति में दीपप्रज्वलन हुआ, फिर मंगलाष्टक के साथ विवाह समारोह संपन्न किया गया। कैलाश उईके, मनोहर परतेकी, श्यामराव सलामे, लक्ष्मण उईके, विठोबा मरस्कोले ने विवाह की विधियां संपन्न कराईं।

इस दौरान आसपास के हजारों नागरिक उपस्थित रहे, जिनके लिए भोजन और नवदंपतियों के लिए उपहार की उत्तम व्यवस्था की गई थी। मंच पर सभी मान्यवरों का शाल व श्रीफल देकर सत्कार किया गया। संचालन अनिल वाघमारे ने किया

एक विवाह करवाना आज के समय में माता-पिता के लिए आर्थिक व मानसिक रूप से काफी थकाने वाला कार्य होता है। ऐसे में चंद्रपाल चौकसे ने अब तक हजारों विवाह सरलता से संपन्न करवाकर समाज में सराहना अर्जित की है। अपने संक्षिप्त भाषण में उन्होंने इस कार्य को निरंतर जारी रखने की बात कही।

साथ ही उन्होंने चुनाव के समय झूठे वादे करने वाले नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि यदि वे विधायक होते तो नवविवाहित जोड़ों को मिलने वाली 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता को 1 लाख रुपये कर देते। उन्होंने राज्य मंत्री आशिष जयस्वाल से भी यह सहायता राशि बढ़ाने की मांग की।

# अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत की विशेष बैठक पारशिवनी कोर्ट परिसर में संपन्न

**पारशिवनी.**



अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पारशिवनी कोर्ट परिसर में किया गया। इस विशेष बैठक में मंच के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एवं महाराष्ट्र-तेलंगाना प्रवेश सह प्रभारी अधिवक्ता छत्रपति एच. शर्मा, मीडिया सह प्रभारी एड. प्रतीक गानोरकर तथा महिला प्रकोष्ठ विदर्भ सचिव अधिवक्ता गौतमी नारनवरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

बैठक में मंच की वरिष्ठ पदाधिकारी अधिवक्ता मंजूषा गिरडकर एवं अधिवक्ता ए. एम. देवले की भी विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान मंच के सदस्यों ने अधिवक्ताओं के हित, कल्याण और सम्मान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही 31 मई 2025 को दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पारशिवनी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.एस. परदेसी एवं अधिवक्ता ए.एम. देवले के करकमलों से विभिन्न पदों पर नियुक्त अधिवक्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नियुक्त अधिवक्ताओं में अधिवक्ता गौतमी नारनवरे, एस.एस. परदेसी, मिलिंद कुमार पालीवाल, पीयूष सायरे, वैशाली टी. चौधरी, महामाया रंगारी, शुभकुमार परदेसी, प्रवीण मनपे, पल्लवी मूलमुले, माधुरी उकंदे, प्रगति माहुलकर, मेधा कुशराम, समीक्षा भादे एवं अरुण महाजन आदि के नाम शामिल हैं।

बैठक का उद्देश्य अधिवक्ता समाज को संगठित कर उनके अधिकारों की रक्षा करना एवं उनके विकास के लिए सतत प्रयास करना रहा।

# उमरेड विस्फोट: 330 कर्मचारियों के सामने रोज़ी-रोटी का संकट

## हादसे के बाद श्रमिक भयभीत, रोजगार का प्रश्न अब भी अनुत्तरित

**उमरेड.**



11 अप्रैल, शुक्रवार का दिन उमरेड परिसर के लिए काला शुक्रवार साबित हुआ। एमएमपी कंपनी में हुए भीषण विस्फोट में अब तक 7 श्रमिकों की मौत हो चुकी है, जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हैं जिनका इलाज जारी है। हादसे के बाद से कंपनी बंद है और यहां कार्यरत लगभग 330 श्रमिकों का भविष्य अधर में लटक गया है। कंपनी की ओर से अब तक इस विषय में कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी गई है।

हादसे के कारण कंपनी में उत्पादन पूरी तरह बंद है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि इन श्रमिकों का आगे क्या होगा? क्या कंपनी उन्हें वेतन देगी या फिर उन्हें कहीं और रोजगार ढूंढना पड़ेगा?

सूत्रों के अनुसार, यहां कार्यरत श्रमिकों का कोई संगठन नहीं है। ऐसे में श्रमिकों की आवाज़ प्रबंधन तक पहुंचना भी एक बड़ी चुनौती है। हादसे के बाद पालकमंत्री, विधायक, सांसद सहित कई नेता घटनास्थल पर पहुंचे और मृतकों व घायलों के मुआवज़े की घोषणा की गई, लेकिन जिन श्रमिकों को फिलहाल घर बैठना पड़ रहा है, उनके भविष्य को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय में हुई बैठक में कंपनी अधिकारियों के साथ सांसद श्यामकुमार बर्वे व विधायक संजय मेश्राम उपस्थित रहे। बताया जा रहा है कि बैठक में कुछ सकारात्मक निर्णय लिए गए हैं, हालांकि विस्तृत जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। कंपनी के मानव संसाधन प्रबंधक आशीष मेश्राम ने बताया कि हादसे के बाद विभिन्न प्रशासनिक विभाग जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद ही जब कंपनी को अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) मिलेगा, तभी उत्पादन शुरू किया जाएगा। वेतन के विषय में उन्होंने कहा कि हादसे से पहले तक का वेतन दिया जाएगा, लेकिन उसके बाद के लिए अभी कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। उमरेड एमआईडीसी क्षेत्र में कई छोटे-बड़े उद्योग स्थित हैं, लेकिन यहां अग्निशमन दल जैसी आपात सुविधाओं का अभाव है। एक जर्जर भवन में सहायक अभियंता का बोर्ड जरूर है, लेकिन यह सुविधा नाकाफी है। तहसीलदार मनोहर चव्हाण ने बताया कि जिले में एमआईडीसी का कार्यालय केवल नागपुर में है, परंतु स्थानीय स्तर पर अग्निशमन जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

### मुआवज़ा प्रक्रिया प्रगति पर

हादसे में मृतकों के परिजनों को कंपनी द्वारा 55 लाख और सरकार की ओर से 5 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। घायलों को 30 लाख रुपये तक की सहायता की घोषणा की गई है। तहसीलदार के अनुसार, सरकारी सहायता की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही राशि जमा कराई जाएगी। कंपनी के प्रबंधक ने बताया कि मुआवज़े की राशि नियमानुसार कोर्ट में जमा की जा रही है।

# भाजपा ने कोंढाली मंडल अध्यक्ष की घोषणा की निखिल जायसवाल बने नए मंडल अध्यक्ष



**कोंढाली.**

भारतीय जनता पार्टी ने 20 अप्रैल को कोंढाली मंडल अध्यक्ष पद के लिए निखिल जायसवाल के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। जिलाध्यक्ष पद के चुनाव से पहले ही पार्टी द्वारा मंडल स्तर पर नियुक्तियाँ की जा रही हैं।

कोंढाली मंडल अध्यक्ष पद के लिए 4 अप्रैल को नागपुर जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर कोहळे के निर्देश व विधायक चरणसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में रायशुमारी की गई थी। इस प्रक्रिया में भाजपा के नागपुर जिला महामंत्री दिनेश ठाकरे, काटोल शहर भाजपा अध्यक्ष विजय महाजन, वरिष्ठ नेता शेषराव चाफले, वरिष्ठ पदाधिकारी अय्यूब पठान, राजेश क्षीरसागर समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यह रायशुमारी सम्पन्न हुई। 20 अप्रैल को दूधाला स्थित समाज भवन में मंडल पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी किशोर रेवतकर और हेमंत कावड़कर द्वारा निखिल जायसवाल के कोंढाली मंडल अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा की गई।

इस अवसर पर भाजपा नेता शामराव तायवाडे, विशाल कालबांडे, योगेश गोतमारे, लताताई धारपुरे, मनोज गोरे, गायधने सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने निखिल जायसवाल को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर बधाई दी और उनका अभिनंदन किया।

# 285 करोड़ की सड़क निर्माण में घोटाले के आरोप, जांच की मांग तेज

हिंगनघाट.

हिंगनघाट शहर से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 322 के खडसंगी-हिंगणघाट-कानगांव मार्ग पर हो रहा निर्माण कार्य अत्यंत निकृष्ट दर्जे का है। इस निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले ने प्रदेशाध्यक्ष जयंत पाटील को पत्र लिखकर इसकी जांच की मांग की है।



करीब 285.92 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस 48 किलोमीटर लंबे मार्ग का कार्य पिछले चार वर्षों से जारी है। यह मार्ग डामर और सीमेंट कंक्रीट से बनाया जा रहा है, लेकिन "नौ दिन चले अढ़ाई कोस" जैसी धीमी गति और खराब गुणवत्ता के कारण लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और हिंगणघाट शहरवासियों से इस मार्ग की खराब स्थिति को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। बावजूद इसके अब तक एक भी अधिकारी ने मार्ग की गुणवत्ता जांचने की जहमत नहीं उठाई है। पीडब्ल्यूडी विभाग की चार वर्षों से इस मामले में गंभीर उपेक्षा देखी जा रही है। यह कार्य पगारिया कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपा गया है। आश्चर्यजनक रूप से इस कंपनी को सड़क निर्माण का अनुभव न होने के बावजूद टेंडर कैसे मंजूर किया गया, यह एक बड़ा सवाल बन गया है। निर्माण कार्य में मुरुम की जगह मिट्टी का इस्तेमाल, टेढ़ी-मेढ़ी नालियां और सड़कों पर दरारें इस बात का प्रमाण हैं कि निर्माण में भारी लापरवाही बरती गई है।

### 8 महीने में सड़क की हालत खराब

महज आठ महीनों में ही इस राजमार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब इस पर पैचवर्क की नौबत आ गई है। अतुल वांदिले ने यह मांग की है कि इस कार्य की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने इस मुद्दे को आगामी विधानसभा सत्र में उठाने की बात भी कही है।

## वसंत खोड़े सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के नागपुर विभागीय अध्यक्ष चयनित



वर्धा.

महाराष्ट्र राज्य सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघठन के नागपुर विभाग के अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत्त केंद्र प्रमुख वसंत खोड़े को चयनित किया गया है। वसंत खोड़े इससे पहले भी विभिन्न संगठनों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उनके अनुभव से संघठन को काफी लाभ होने की संभावना है। वसंत खोड़े के अध्यक्ष पद पर चयनित होने से नागपुर विभाग के सभी जिलों में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर राज्याध्यक्ष प्रदीप तपासे, राज्य सरचिटणीस राजू थूल, जिलाध्यक्ष राजेंद्र भोयर, राजेंद्र वांदिले, बुद्धपाल कांबले, कवडू दारुंडे, अजय वनस्कर, प्रकाश काले, रवी राठौड़, धनराज तायडे, नरेश गेडे और किशोर भोयर ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## 56 परियोजनाओं में बचा केवल 46.29 प्रतिशत जल संग्रहण



अमरावती.

एक तरफ तापमान बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ जल दोहन का काम जारी है। इसके कारण जिले में लघु एवं मध्यम परियोजनाओं में जल संग्रहण कम हो रहा है। जिले में 56 परियोजनाओं में स्टॉक 46.29 प्रतिशत है। इन 48 लघु परियोजनाओं में से 28 परियोजनाएं और तालाब सूख चुके हैं तथा 3 मध्यम परियोजनाओं का जल संग्रहण समाप्त हो चुका है। कई गांवों और बस्तियों में पानी की कमी देखी जा रही है।

पिछले वर्ष जिले एवं परियोजना क्षेत्र में लगातार वर्षा के कारण 56 परियोजनाओं में 1 बड़ी, 7 मध्यम एवं 48 छोटी परियोजनाओं में जल संग्रहण बढ़ गया। हालाँकि, अब गर्मी की तीव्रता बढ़ गई है। इन 56 परियोजनाओं का भंडार वाष्पीकरण के कारण कम हो रहा है। इन सभी परियोजनाओं में शनिवार 19 अप्रैल तक 46.29 प्रतिशत जल संग्रहण है।

2024 में, इन सभी परियोजनाओं में 19 तारीख को 46 प्रतिशत जल संग्रहण था। इन 48 सूक्ष्म परियोजनाओं में से 28 पूरी हो चुकी हैं। इसलिए, इन परियोजनाओं पर निर्भर गांवों को आने वाले दिनों में पेयजल की गंभीर कमी का सामना करना पड़ सकता है।

## श्रीक्षेत्र महाकाली तीर्थ में भव्य घट विसर्जन कार्यक्रम संपन्न, हजारों भक्त हुए शामिल

वर्धा.

श्रीक्षेत्र महाकाली धामतीर्थ, महाकाली में नवरात्रि के पावन अवसर पर दिनांक 12 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025 तक घटस्थापना की गई थी। इस घट का विधिपूर्वक विसर्जन दिनांक 18 अप्रैल को प्रातः 10 बजे संपन्न हुआ। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे भक्तों के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया। घट विसर्जन के अवसर पर कई माई भक्तों ने समीप स्थित नदी में पवित्र स्नान किया।

इस पावन अवसर पर 5 हजार से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जय महाकाली सेवा मंडल के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री के शुभ हस्तों से त्रिदेवी की पूजा, अर्चना, होम और हवन किया गया। साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए एक भावपूर्ण प्रवचन भी दिया।



उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना का पर्व है। शक्ति के बिना शिव भी शव के समान माने जाते हैं। शक्ति से ही संपूर्ण ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई है और नवरात्रि के नौ दिनों में यही शक्ति जागृत होती है, जिससे दैत्यों का संहार हुआ।

उन्होंने आगे कहा कि ब्रह्म का नवरात्रि अर्थात भगवान श्रीराम से विशेष संबंध है। शारदीय नवरात्रि के दशमी को भगवान राम ने रावण का वध किया, वहीं चैत्र नवरात्रि की नवमी को उनका जन्म हुआ, जिसे रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने हनुमान जी की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि सेवा का नवरात्र हनुमान जी को समर्पित होता है। हनुमान जी बल, बुद्धि, विद्या, विवेक और विनय के प्रतीक हैं। उन्होंने ही भगवान राम और शक्ति (माता सीता) का पुनर्मिलन कराया। जब माता सीता की खोज में लंका जाना था, तब जांबवंत ने हनुमान जी को उनकी भूली हुई शक्तियों का स्मरण कराया।

इस अवसर पर बाबुलालजी दिग्रसे, राघोबाजी कोरडे, चंद्रभानजी आसोले, बाबाराव महाजन, अनिल बोडखे, गणेश काळे सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

### 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जिम्मेदारी से उपयोग : जनसंपर्क की भूमिका' विषय पर होगी चर्चा

वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में 22 एवं 23 अप्रैल को "कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जिम्मेदारी से उपयोग : जनसंपर्क की भूमिका" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन महाराष्ट्र सरकार के माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, नागपुर, हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग एवं जनसंपर्क कार्यालय तथा पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया, वर्धा चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में होगा।

इस संगोष्ठी में देशभर के जनसंपर्क अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, मीडिया शिक्षक और विद्यार्थी भाग लेंगे।

संगोष्ठी का उद्घाटन 22 अप्रैल को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय के ग़ालिब सभागार में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में होगा। मुख्य अतिथि के रूप में वर्धा के पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, नागपुर के संचालक डॉ. गणेश मुळे, पीआरएसआई पश्चिम के उपाध्यक्ष के.एस.पी. सिंह तथा कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील उपस्थित रहेंगे। स्वागत वक्तव्य मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. फरहद मलिक देंगे, जबकि विषय प्रवर्तन जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे करेंगे। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. राजेश लेहकपुरे (एसोसिएट प्रोफेसर, जनसंचार विभाग) तथा सह-संयोजक रवी गीते (जिला माहिती अधिकारी) एवं बी.एस. मिरगे (जनसंपर्क अधिकारी, हिंदी विश्वविद्यालय) रहेंगे।

## तुमसर बाजार समिति का होगा बंटवारा

### > मोहाड़ी तहसील के लिए बनेगा अलग बाजार

भंडारा.

तुमसर बाजार समिति का बटवारा करने का निर्णय कर लिया है। राज्य सरकार ने मोहाडी तहसील के अलग से बाजार समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। मोहाडी तहसील के भंडारा-तुमसर रोड पर यह बाजार बनाया जाएगा। सरकार की 'मुख्यमंत्री बाजार समिति योजना' और 'एक तहसील, एक बाजार समिति' नीति के तहत यह निर्णय लिया है। इस संदर्भ में राज्य सरकार ने 17 अप्रैल, 2025 को एक परिपत्र जारी दिया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य के प्रत्येक तहसील में एक स्वतंत्र कृषि उपज बाजार समिति का होना अनिवार्य कर दिया। इस योजना के तहत 68 तातहसीलों में नई समितियों का गठन किया जाएगा और मोहाडी उप-बाजार समिति उनमें से एक महत्वपूर्ण समिति होगी। यद्यपि 1988 में मोहाडी तहसील के लिए एक स्वतंत्र बाजार समिति की स्थापना की गई थी, लेकिन इसे क्रियान्वित नहीं किया जा सका। यहां के कर्मचारियों ने नियमित वेतन न मिलने और अन्य कारणों से 1995 में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। सर्वोच्च न्यायालय ने 1997 में इस याचिका पर फैसला सुनाया था और निर्देश दिया था कि मोहाड़ी के कर्मचारियों को तुमसर बाजार समिति में शामिल किया जाए। उस समय बाजार समितियों की एकीकरण नीति के कारण मोहाड़ी बाजार समिति का अस्तित्व कायम नहीं रह सका। लेकिन अब नई नीति के तहत और जिले की जरूरतों के अनुसार मोहाडी और साकोली को अपनी स्वतंत्र बाजार समितियां मिलेंगी। यह नई बाजार समिति तुमसर-भंडारा मार्ग पर मोहाडी एमआईडीसी के पास आरक्षित भूमि पर स्थापित की जाएगी। स्थानीय




बाजार उपलब्ध होने से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे परिवहन लागत और समय की बचत होगी तथा दलालों पर वित्तीय निर्भरता की श्रृंखला टूट जाएगी। इससे यहां के किसानों को कुछ राहत मिलेगी। महाराष्ट्र कृषि उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1963 के प्रावधानों के अनुसार, नई बाजार समिति की स्थापना के लिए जिलों में 10 से 15 एकड़ भूमि अनिवार्य है। इसमें नाममात्र दर पर सरकारी भूमि उपलब्ध कराने का प्रावधान है तथा कर्मचारियों की नियुक्ति, जनशक्ति की आवश्यकता के अनुसार वेतन निर्धारण तथा लाइसेंसधारी व्यापारियों एवं एजेंटों को लाइसेंस जारी करने के लिए अधिनियम में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। भौतिक एवं तकनीकी सुविधाएं स्थापित करने के लिए एक अलग तंत्र स्थापित करना होगा। तुमसर-मोहडी तहसील को मिलाकर उक्त बाजार समिति को प्रतिवर्ष तीन करोड़ रुपए मूल्य के शेयर प्राप्त हो रहे हैं।

इसका प्रभार मार्केट कमेटी के पास है। वर्तमान में तुमसर बाजार समिति में 15 से 16 कर्मचारी काम कर रहे हैं और उनका वार्षिक वेतन व्यय लगभग 15 लाख रुपये है। 90 लाख रु. मोहाडी मार्केट कमेटी की स्थापना के बाद पचास प्रतिशत कर्मचारी मोहाडी में स्थानांतरित हो जाएंगे तथा यहां नए संयुक्त सचिव व अन्य पदों पर नियुक्ति की संभावना है।

वर्तमान में हमें अपना माल बेचने के लिए तुमसर बाजार समिति तक अधिक किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है। यदि मोहाड़ी में बाजार समिति शुरू की जाती है तो इससे समय और धन की बचत होगी। किसान सदाशिव ढेंगे ने जवाब दिया कि किसानों को राहत मिलेगी।

## जिले में नहीं हुआ कोई शिक्षक घोटाला

### गोंदिया के शिक्षा अधिकारी ने किया स्पष्ट 16 शिक्षकों की याचिका हाईकोर्ट में लंबित

गोंदिया.

वर्तमान में महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर हुए नागपुर शिक्षक घोटाले का मामला काफी चर्चित है। इस शिक्षा घोटाले के तार धीरे-धीरे गोंदिया जिले तक भी पहुंच गए हैं। जिले में भी शिक्षक घोटाला हुआ था। गोंदिया के माध्यमिक विभाग के शिक्षणाधिकारी डॉ. महेंद्र गजभिये ने इस बारे में जानकारी दी है।

गोंदिया जिले में वर्ष 2020 के आसपास कुछ शिक्षकों का व्यक्तिगत अनुमोदन तत्कालीन शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया था। तत्कालीन शिक्षा उपनिदेशक ने इस पर आपत्ति जताई और इन 52 शिक्षकों की मान्यता रद्द कर दी गई। इन 52 शिक्षकों में से कुछ ने उच्च न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई थी और तदनुसार उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि संयुक्त शिक्षा निदेशक स्तर का एक अधिकारी मामले की जांच करे और



निर्णय ले। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने उनका सत्यापन किया, उन शिक्षकों की मान्यता बहाल की और उनका वेतन देना शुरू कर दिया। लेकिन उस समय 16 शिक्षकों की मान्यता रद्द कर दी गई थी और इन 16 शिक्षकों ने कोर्ट में याचिका भी दायर की है और वह याचिका लंबित है।शिक्षा अधिकारी महेंद्र गजभिये ने बताया कि याचिका प्रस्तुत होने के बाद हाईकोर्ट के निर्णय के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत स्वीकृति अनियमित नहीं है बल्कि सरकारी स्वीकृति पर आधारित है तथा उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में किसी प्रकार का घोटाला नहीं हुआ है। एक ओर जहां बड़े पैमाने पर शिक्षक भर्ती घोटाले की बात कही जा रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि इसमें कोई अनियमितता नहीं हुई है। अब वास्तविक मामले की उच्चस्तरीय जांच के बाद ही यह जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

## बेघरों और कच्चे घरों में रहने वाले परिवारों को मिलेंगे उनके अधिकार वाले घर

अकोला.

यह सुनिश्चित करने के लिए कि अकोला जिले में कोई भी परिवार अपने उचित आवास से वंचित न रहे, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनीता मेश्राम इस पर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण आवास के लिए पात्र परिवारों का सर्वेक्षण शुरू हो गया है। इस सर्वेक्षण के बाद बेघर और कच्चे घरों में रहने वाले परिवारों को उनके हक का घर मिल सकेगा। यह जानकारी ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक मनोज जाधव ने दी।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2018 में आवास प्लस सर्वेक्षण किया गया था। इस सर्वेक्षण में तैयार की गई प्रतीक्षा सूची में शामिल न होने वाले तथा सिस्टम के माध्यम से अपात्र, किन्तु अन्यथा पात्र परिवारों का ग्रामीण चरण-2 सर्वेक्षण 25 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है।

आवास प्लस 2024 सर्वे में आवासहीन, कच्चे मकान में रहने वाले परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस सर्वे 2018 में तैयार की गई प्रतीक्षा सूची में शामिल नहीं किया गया था।

हालांकि, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण चरण 2 के तहत नए पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी, गट विकास अधिकारी तथा जिला ग्रामीण विकास विभाग के परियोजना निदेशक से संपर्क करने का सुझाव दिया गया है।

## रेत चोरी जोरों पर, सरकार को करोड़ों का नुकसान

### > प्रशासन और विपक्ष की चुप्पी से रेती माफिया बेखौफ

हिंगनघाट.

अवैध रेत खनन का दायरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। खुलेआम रेत चोरी करते रेती माफिया अब गब्बर की तरह नजर आ रहे हैं। रोजाना लाखों रुपए की रेत का अवैध परिवहन हो रहा है, जिससे सरकार को भारी राजस्व हानि हो रही है।

प्रशासन की अनदेखी और विपक्ष की नरमी के कारण रेती माफिया के हौसले बुलंद हैं। अब तो हालात ऐसे हो गए हैं कि तालुका में रेत चोरी आम बात बन गई है और इस पर शांति का दृश्य साफ देखा जा सकता है। कई रेत घाटों से दिन-रात भारी मात्रा में रेत निकाली जा रही है। इससे आम नागरिकों में गुस्सा है और वे सवाल पूछने लगे हैं – आखिर प्रशासन और विपक्ष चुप क्यों है? पहले विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन कर रेत माफिया के खिलाफ सख्त रुख अपनाया था, लेकिन अब वही विपक्ष नरम पड़ गया है। जनता अब नेताओं के रुख को लेकर सवाल करने लगी है। लोगों का कहना है कि रेत नीति पर नेताओं का रवैया कुछ ऐसा है जैसे "तू मुझे मारे सरीखा कर, मैं रोए सरीखा करता हूँ"।



**परिवहन के कारण सड़क खराब**

अवैध रेत परिवहन के कारण तहसील की कई ग्रामीण सड़कें खराब हो गई हैं। इससे किसानों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। साथ ही, नदी की प्राकृतिक स्थिति भी विकृत हो रही है, जिससे जल स्रोतों पर संकट मंडरा रहा है।

अब बड़ा सवाल यह है कि इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान कौन देगा? क्या प्रशासन जागेगा या फिर यह रेत माफिया ऐसे ही बेलगाम रहेगा?

## उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे होंगे एक!

### नवनीत राणा बोलीं- कोई नहीं बनेंगे कांटा



अमरावती.

महाराष्ट्र में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बीच गठबंधन के प्रस्ताव की चर्चा जोरों पर है। इस गठबंधन पर भाजपा महागठबंधन की ओर से प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली पूर्व सांसद और भाजपा नेता नवनीत राणा की प्रतिक्रिया सामने आई है। नवनीत राणा ने गठबंधन के लिए शुभकामनाएं देते हुए यह भी आश्वासन दिया कि अगर दोनों साथ आते हैं तो कोई भी कांटा नहीं बनेगा।

नवनीत राणा ने कहा, "परिवार पूरे देश के सामने आया, हम जानते थे कि कौन उस विवाद को सामने ला रहा है।" हम उन दोनों को शुभकामनाएं देते हैं, राजनेताओं के रूप में नहीं, बल्कि एक परिवार में रहने वाले लोगों के रूप में।" राणा ने आगे कहा, "यदि वे एक साथ आ जाएं तो कोई भी उनके लिए कांटा नहीं बनेगा।" राणा ने यह भी कहा कि, "हिंदुत्व की लड़ाई भगवा के लिए ही रहेगी।"

### रोहित शर्मा ने चेन्नई के गेंदबाजों को खूब धोया

37 साल के रोहित शर्मा ने सिर्फ 33 गेंद खेलकर अपनी फिफ्टी पूरी की। हालांकि, वह यहीं नहीं रुके बल्कि अपनी टीम को जीत दिलाकर वापस डग आउट में लौटे। रोहित बतौर इम्पैक्ट प्लेयर दूसरी पारी में बैटिंग करने आए थे। हिटमैन ने 168.89 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए छह छक्के और चार चौके की मदद से 45 गेंद में नाबाद 76 रन बनाए। रोहित ने आते ही चेन्नई के गेंदबाजों की धुनाई करना शुरू कर दी थी। इस सीजन उनकी यह पहली फिफ्टी थी।



# एमआई ने लिया चेपॉक का बदला

## > चेन्नई को 9 विकेट से हराया, रोहित और सूर्या ने फिफ्टी लगाई

**मुंबई.**



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 38वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। यह मैच आसानी से मुंबई ने अपने नाम कर लिया। एमआई ने 9 विकेट से एमएस धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स को हराया। इस जीत में मुंबई इंडियंस के हीरो रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव रहे। आखिरकार जिसका सब बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वो आज मुंबई में हमें देखने को मिला। हम बात कर रहे हैं रोहित शर्मा के फॉर्म की। रोहित शर्मा के 45 गेंदों में 76 और सूर्यकुमार यादव की 30 गेंदों में 68 रनों की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 9 विकेटों से हरा दिया है.

चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 175 रन बनाए थे. उनके लिए शिवम दुबे ने 50 और रवींद्र जडेजा ने 53 रनों की पारी खेली. जसप्रीत बुमराह ने मुंबई के लिए दो विकेट लिए. मुंबई ने 176 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 15.4 ओवर में ही हासिल कर लिया. रोहित-सूर्यकुमार ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 114 रनों की साझेदारी निभाई. इस जीत के साथ मुंबई ने इस सीजन में चेन्नई से चेपॉक में मिली हार का बदला भी ले लिया है. मुंबई का इकलौता विकेट जडेजा ने हासिल किया. मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 38वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 9 विकेट से हरा दिया। एमआई ने 18वें सीजन में लगातार तीसरा मैच जीता। चेन्नई ने सीजन में छठा मैच गंवाया, टीम 2 ही मैच जीत सकी है। रोहित शर्मा लंबे समय से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे थे। इस आईपीएल सीजन में वह एक भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए थे। उनकी जमकर आलोचना की जा रही थी। लेकिन, अब हिटमैन ने आलोचकों को अपनी इस पारी से मुंहतोड़ जवाब दिया है। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का मन बनाया था। सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 176 रन बनाए। 177 रन का टारगेट मुंबई इंडियंस ने आसानी के साथ चेज कर लिया।

उन्होंने 15.4 ओवर में ही नौ विकेट से मैच जीत लिया। यह मुंबई की इस सीजन आठवें मैच में चौथी जीत थी। वहीं चेन्नई की यह आठवें मैच में छठी हार थी। सीएसके की गेंदबाजी रही बुरी तरह फ्लॉप, मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स की गेंदबाजी बहुत ही साधारण रही। सीएसके की तरफ से रविंद्र जडेजा के अलावा और कोई भी गेंदबाज विकेट लेने में सफल नहीं रहे। इसके अलावा इस मैच में एमएस धोनी की कप्तानी का भी जादू नहीं चला।

**सूर्यकुमार यादव का भी दिखा तूफान:** मुंबई इंडियंस की तरफ से सिर्फ रोहित शर्मा ही नहीं, सूर्यकुमार यादव का भी वानखेड़े में तूफान देखने को मिला। सूर्यकुमार ने रोहित शर्मा के साथ मिलकर सिर्फ 26 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी की। इस तरह सूर्यकुमार यादव मुंबई के लिए अंत बल्लेबाजी करते हुए मैच को फिनिश किया। सूर्यकुमार यादव मुंबई इंडियंस के लिए 30 गेंद में रन बनाकर 68 रन बनाकर नाबाद रहे। सूर्यकुमार ने अपनी इस पारी में 6 चौके और 4 छक्के भी लगाए। सूर्यकुमार यादव के अलावा मुंबई के लिए रायन रिकेल्टन ने 19 गेंद में 24 रनों का योगदान दिया।



## भालदारपुरा के निवासियों ने उठाई बेगुनाहों की रिहाई की मांग



**नागपुर.** कल रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के नागपुर स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में स्थानीय भालदारपुरा के नागरिकों की ओर से उन्हें ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में महल स्थित गांधी गेट चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा की पास जो हिंसा हुई उसमें जिन बेगुनाह नागरिकों को पुलिस ने हिरासत में लिया। उनकी हालत खराब है। ऐसे बेगुनाह लोग जो तकरीबन एक महीने से जेल में बंद है तथा गंभीर रूप से घायल हैं। ऐसे लोगों को तुरंत रिहा किया जाये. इस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आसवासन दिया है। कार्यक्रम में सर्व श्री. हाजी मोहम्मद कलाम, असलम मुल्ला खान, हाजी परवेज़ अहमद, मकसूद हुसैन वास्ती, ताज खान, शाहेनील रज़ा, राजा खान, अशफाक पटेल, साकिब खान, जावेद खान आदि लोगों ने भाग लिया।

## 5 पोरवाल कॉलेज में 27 को पूर्ववर्ती छात्रों का मिलाप

### एड. सुलेखा कुंभारे की अध्यक्षता में मैगज़ीन, कैलेंडर का भी विमोचन

**कामठी.**

सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्रों का एलुमनी मिलाप समारोह रविवार, 27 अप्रैल को पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे की अध्यक्षता एवं आशा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. राजेंद्र अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में होना तय किया गया है। सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज एल्युमनी एसोसिएशन द्वारा आयोजित एल्युमिनी मिलाप समारोह में पोरवाल कॉलेज के विभिन्न रत्न एक साथ कॉलेज के लायब्रेरी हॉल में एकत्रित होने वाले है।

कार्यक्रम की सुबह 10 बजे आरंभ कर शाम 4 बजे संपन्न किया जाएगा। इस दिन पूर्ववर्ती छात्रों का स्वागत के साथ कई तरह की एक्टिविटी और




सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी कड़ी में एलुमनी मिलाप मैगज़ीन और कैलेंडर का विमोचन भी किया जा रहा है। इस दौरान छात्र-छात्राएं कॉलेज के दिनों की अपनी-अपनी यादों को भी साझा करेंगे। ज्ञात हो कि यहां से निकले छात्र साहित्य, कला, खिलाड़ी, शिक्षाविद, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, साइंटिस्ट, राजपत्रित अधिकारी, पत्रकार सहित अन्य विधाओं में उच्च शिखर पर हैं, उन्हें अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन की ओर से उपाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन, सेक्रेटरी डॉ. इंद्रजीत बसु एवं कन्वेनर सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी द्वारा उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया है कि एल्युमिनी मिलाप समारोह में अधिक से अधिक पूर्व छात्रों को शामिल करने के प्रयास किये जा रहे हैं। पूर्ववर्ती छात्रों का पंजीकरण ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में किया जा रहा है।

पंजीकरण की निर्धारित समय सीमा 23 अप्रैल तक है। वहीं पंजीकरण 100 रुपए के साथ एलुमनी मिलाप समारोह शुल्क 500 रुपये है। पूर्ववर्ती छात्रों का व्हाट्सएप ग्रुप है जिसमें इसकी जानकारी साझा कर दी गयी है। व्हाट्सएप ग्रुप पर एलुमनी एसोसिएशन का रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है। वहीं ऑफलाइन मोड के लिए स्पोर्ट्स विभाग में फॉर्म ले सकेंगे। पंजीयन फॉर्म के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराना होगा, ऑनलाइन व्यवस्था पर क्यूआर कोड में स्कैन कर पंजीयन किया जा सकता है। एल्युमिनी मिलाप समारोह के लिए तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। समारोह के लिए अलग- अलग समितियां गठित की जाएगी। उन्होंने बताया कि समारोह की विस्तृत जानकारी में के लिए, वाइस प्रेसिडेंट इफ्तेखार हुसैन (9850691078), सेक्रेटरी डॉ. इंद्रजीत बसु (9850316583) एवं कन्वेनर सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी (9881272088, 9604758944) से शनिवार 23 अप्रैल 2025 तक संपर्क किया जा सकता है। उसके बाद मेंबरशिप रजिस्ट्रेशन स्वीकार्य नहीं किया जाएगा और मैगजीन में लेख, व्यंग, कविताएं एवं शुभकामना संदेश प्रकाशन के लिए मैगज़ीन एडिटर सौमित्र नंदी (9604758944) से शुक्रवार 23 अप्रैल तक संपर्क किया जा सकता है।

## मंगेश यादव भाजपा के कामठी शहर अध्यक्ष नियुक्त



**कामठी.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के निर्देशपर युवा भाजपा नेता मंगेश यादव को भाजपा कामठी शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर भाजपा के ज़िला महामंत्री अनिल निधान, ज़िला सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, शहर कार्याध्यक्ष राज हाड़ोती, राजेश रंगारी ने उनका सम्मान किया गया। नव नियुक्त शहर अध्यक्ष मंगेश यादव ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाया जाएगा।

पार्टी की बैठकें समय-समय पर आयोजित होंगी। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को मजबूत किया जाएगा। इस नियुक्ति पर भाजपा के अनिल निधान, राजेश रंगारी, राज हाड़ोती, राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, कपील गायधने, कमल उर्फ लालू यादव, रमेश वैद्य, समीर यादव, प्रमोद कातोरे, कुणाल सोलंकी, अनिल पिंगले, अन्नू शर्मा, रजत यादव, प्रतीक पडोले, प्रीति कुल्लारकर, वैशाली बॉबी मानवटकर, प्रभा राउत, गायत्री यादव, प्रेमलता शर्मा, हर्षा यादव पिंकी वैद्य आदि ने शहर अध्यक्ष मंगेश यादव का अभिनंदन किया है।

## प्रदीप कलसकर को चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ ने किया सम्मानित

### वेटरन अचीवर्स अवॉर्ड से नवाज़ा गया




**सौसर.** सौसर निवासी व इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन के जिला महासचिव वेटरन प्रदीप कलसकर को वेटरन अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें पूर्व सैनिकों, विधवाओं तथा जरूरतमंद नागरिकों के लिए किये गए उनके सेवा कार्यों एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए दिये गए योगदान के लिए प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह भोपाल स्थित 21 कोर हेडक्वार्टर में आयोजित हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश के चुनिंदा 5 पूर्व सैनिकों को यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया। गौरव की बात यह रही कि इनमें से एक नाम सौसर के प्रदीप कलसकर का भी था। यह सम्मान उन्हें भारतीय सेना के चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा प्रदान किया गया।

जनरल द्विवेदी ने कलसकर की राष्ट्र के प्रति निष्ठा, सामाजिक कार्यों में निरंतरता और पूर्व सैनिकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने के प्रयासों की सराहना की। कलसकर ने पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं और स्थानीय जरूरतमंदों के लिए सकारात्मक कार्य करते हुए सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

उनके कार्यों से न सिर्फ जिला सैनिक कल्याण कार्यालय छिंदवाड़ा का गौरव बढ़ा है, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के लिए वे एक प्रेरणास्पद उदाहरण बने हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष जे. एस. सेंगर, उपाध्यक्ष आर. पी. एस. गौर, महासचिव असिन खान, मध्यप्रदेश संयोजक भगवंत सिंह, संतोष नागर, आर. एन. सैनी, अमर सोनपुरे सहित कई राज्यों की टीमों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

स्थानीय स्तर पर भी सौसर क्षेत्र के नागरिकों, पत्रकारों और समाजसेवियों ने इस सम्मान को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की और कलसकर को बधाई दी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के अधिकारी कैप्टन (से.नि.) सुमित सिंह और कल्याण संयोजक राजेश पाटिल ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की। इस सम्मान के बाद वेटरन प्रदीप कलसकर अपने नाम के साथ "वेटरन अचीवर्स अवॉर्ड (वीएए)" का प्रयोग कर सकेंगे।




## वैंगनार कार हादसा: माता-पिता की मौत, भाई-बहन गंभीर घायल

### डॉक्टर बनी बेटी के दीक्षांत समारोह से लौटते समय हुआ दर्दनाक हादसा



**नागपुर.** भंडारा जिले के लाखनी निवासी भरत सुरजलाल भोयर के परिवार के लिए खुशी का दिन मातम में बदल गया। शनिवार, 20 अप्रैल को, परिवार अपनी छोटी बेटी ममता भरत भोयर के बीएएमएस (डॉक्टर) उपाधि समारोह में शामिल होकर लौट रहा था, जब उनकी कार कोंढाली के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भरत सुरजलाल भोयर (61), पत्नी लक्ष्मीबाई भरत भोयर (56), बेटा शैलेश भरत भोयर (30) और बेटी सुष्मिता भोयर (29) समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। दोपहर लगभग 4 बजे के आसपास, कोंढाली से लगभग 2 किमी दूर सोनेगांव शिवार क्षेत्र में, बीपी पेट्रोल पंप के समीप कार अनियंत्रित होकर पलट गई और हाईवे किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल वसंतराव देशमुख प्रतिष्ठान की एम्बुलेंस से कोंढाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल शैलेश और सुष्मिता को नागपुर शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) रेफर किया गया। इलाज के दौरान भरत सुरजलाल भोयर और उनकी पत्नी लक्ष्मीबाई को मृत घोषित कर दिया गया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल शैलेश भोयर का इलाज नागपुर मेडिकल में जारी है, जबकि बहन सुष्मिता की हालत स्थिर बताई जा रही है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 115-7 | 900-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 355-3 | 234-9 |

## उमरेड में आसमान से गिरा 50 किलो का धातु का टुकड़ा



**उमरेड.** जिले के उमरेड कस्बे में एक चौंकाने वाली घटना घटी है। कोसे ले-आउट क्षेत्र में आसमान से धातु का एक भारी टुकड़ा गिरा। यह टुकड़ा अमेय भास्कर बसशंकर के घर की स्लैब पर गिरा। खगोलशास्त्री प्रो. सुरेश चोपने ने अनुमान लगाया है कि यह टुकड़ा किसी उपग्रह का हो सकता है। घटना के समय जोरदार विस्फोट जैसी आवाज आई। परिणामस्वरूप, क्षेत्र के नागरिक डर के मारे अपने घरों से बाहर भाग गए। ढहे हुए धातु के टुकड़े का वजन लगभग 50 किलोग्राम है। यह 10 से 12 मिमी मोटा और लगभग 4 फीट लंबा होता है। यह टुकड़ा आंशिक रूप से टूट गया है, जिससे घर की स्लैब और दीवार को मामूली क्षति पहुंची है। सौभाग्यवश इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अमेय ने तुरंत उमरेड पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस निरीक्षक धनजी जलाक के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में इस धातु के टुकड़े में कोई विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला। सुरक्षा कारणों से इस टुकड़े को आगे की जांच के लिए नागपुर फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेज दिया गया है।